मेरे उन साथियों का सवाल है जिनका आखिरी वक्त आजाता है, मैं इसे अपना फर्ज समझता हूँ कि उनको उस हालत पर पहुंचा दूं जहां से उनका दुनियाँ में लौटना नामुमकीन हो जाता है। संस्कारों को आनन-फानन में खत्म कर देना प्रकृति के कानून के खिलाफ है। साथ ही न अब मेरी तन्दुरुस्ती ऐसी है और न ताकत है कि उनके संस्कार खुद भोग लूं जैसा कि हमारे पूज्य गुरुदेव अक्सर किया करते थे।

(अंग्रेजी से अनूदित)

# पथिक नं० २

—कु० कस्तूरी चतुर्वेदी

पाठकों ! अभी पथिक की कहानी समाप्त नहीं हुई ।

गगन की तारिकाओं ने पूछा कि, "कहाँ चले पथिक ?" उसके अपलक-नेत्रों ने संक्षिप्त सा मौन उत्तर दिया, "पता नहीं ।"

"सो क्योंकर ?"

वही निरुत्तर सा उत्तर था, "सुधि नहीं ।" अचानक कोई आसमानी-चादर के भीतर से मुस्कराया,—"चलना कैसा जब होश नहीं ? चलोगे कैसे जब पता नहीं । यहां तक कैसे आ पहुँचा यह भी स्मरण नहीं ।"

"बावला हो गया है" किसी ने कहा ।

पथिक, गम्भीर विचार में मग्न है कि अब कौन सी ऐसी वस्तु उसके पास रह गई है जिससे आगे का मार्ग मिल सके । कुछ समझ में नहीं आता बेचारा इधर उधर टटोल रहा है । इतने में स्मरण आया किसी ने कहा है कि "अब आगे का पता तो लापता होने से मिलेगा । "ओह ! कैसा भूल चुका था वह अब यही स्मरण-ज्योति उसे आगे का मार्ग दिखला रही है और डग आगे को बढ़ चले । किन्तु यह तो अनोखी है कि लापता होने से पता मिल सकेगा । और यही ज्योति उसे अब मार्ग दर्शन करायेगी । वह चलता जारहा है नेत्रों को हृदय में गड़ाये । मन्द मन्द सुमन्दित बयार बहती किन्तु वह तो मानो सब ओर से बेपरवाह होकर बहा जा रहा है एक ही बहाव में । अपनी पुकार से तो बेपरवाह हो सकता था बेचारा परन्तु ?

पथिक ? कुछ हमारी भी सुन लो । क्या तुमने ग्रन्थों में ईश्वर-दर्शन के विषय में भी कुछ ज्ञान प्राप्त किया है ?

"स्मरण नहीं आ रहा है" कुछ सोचते हुए उत्तर दिया पथिक ने । सम्भव हो कुछ पढ़ा हो किन्तु ग्रन्थों के ज्ञान को स्मरण में रख कर करना ही क्यां है । उसमें विभिन्नमत एवं विभिन्न विचारों का ही स्पष्टीकरण के अतिरिक्त कुछ दृष्टि में नहीं आ पाता है जब कि 'केवल' 'एक' को प्राप्त करने के लिये ध्येय तो यही है कि पेट भरना चाहिये चाहे आम खाकर भरे,



चाहे और कुछ खाकर चलते हुए ।" पथिक का संक्षिप्त उत्तर था । उसकी स्वयं की सुरति तो अकुला रही थी कहीं पहुँच कर विश्राम लेने के लिये ।

ऐसा क्यों कह रहे हो पथिक ?

"इसलिये ! कि मतलब की सिद्धि भी कहां तक रही भाई जब तक हमारा ख्याल सिद्धि की ओर है और ख्याल भी तब तक ठहर सकता है जब तक हमें गन्तव्य की खोज है और अपने पथ का ध्यान है । किन्तु तब ? जब हम स्वयं ही खोजाते हैं, किसी की खोज में और अपने ही देश में तब अपने होने की शक्ति भी समाप्त हो गई होती है । तब हममें जो अपने न होने की अनुभूति थी, जो कि होने के लगे ही में थी उत्पन्न हो जाती है । जो स्वयं ही खोया हुआ, लापता ही रहता हो ऐसे की प्राप्ति के लिये हमें हथियार (उपाय) भी उससे मिलता जुलता ही खोजना चाहिये और अब केवल वही ज्योति रह जाती है आगे पथ-प्रदर्शन कराती जारही है ।" पथिक विचार मग्न है ठिकाने पर पहुँचने के लिपे उसे बेठिकाना होना पड़ा है । घर पहुंचने के लिये ही उसे बेघर होना पड़ा है । किन्तु उसे पता मिला ही कहां का है ? केवल एक बसे घर से उजड़े घर का स्मरण आया है । बटोही विचार-मग्न हैं, कोई देता है तो खोलता है, होश सम्भालता है पुनः विस्मृत हो रहता है । वैराग्य की अटल ज्योति में उसके मस्तिष्क में ऐसी दराज कर दी थी । वह सोता है परन्तु निद्रा वशीभूत नहीं होता है, स्वतन्त्र विचार और नेह का संग्रह है । फिर उजड़ा घर कैसा ? ठीक ही तो है जब कि वह स्वयं के गृह (ईश्वरीय) को ऐसा विस्मृत कर चुका था कि उसे उसकी खबर तक न रह गई थी । किन्तु जो बीता सो बीता अब एक प्रकाश-कुटीर के समक्ष वह खड़ा है । परिणाम स्वरूप उस दिव्य-ज्योति ने उसे उस चटियल मैदान से निकल कर अब ऐसे स्थान पर खड़ा कर दिया है कि जहाँ पर पहुँच कर वह उस चटियल मैदान की अपरमित आनन्द गीत का भी स्मरण नहीं कर पारहा है । हां इतना सा अवशेष है कि कभी-कभी उसके मस्तिष्क में यह बात घूम जाती है कि कभी वह भी उस मैदान में चल चुका है । वह भी इसलिये कि अभी हाल की ही बात थी या यूं कह लीजिये कि भीगी हुई वस्तुओं का प्रभाव अभी पृथ्वी पर था और उसका परिणाम था सीलन ।

"बटोही ! क्या मेरी न सुनोगे ?"

क्यों नहीं सुनूंगा भाई ।

"सीलन से तुम्हारा क्या मतलब है समझ में नहीं आया ?

"बहुत सरल से अर्थ हैं मित्र ! हमें इस समय भी अपने आपका कुछ तो पता था ही और यह इतनी सी बात आध्यात्मिक पथ में अभी सीलन का काम कर रही थी।"

"जब यह सीलन भी न रहेगी पथिक तब क्या होगा ?"

"तब ? वह वस्तु होगी जिसको बताने से विश्वास न करोगे इसलिये कि वहाँ की दशायें केवल उन फकीरों के लिये ही हैं जो ईश्वर पर सच ही मिटे हुये हैं और समझ भी उसकी ही यहाँ काम कर सकती है जिसने अपनी बुद्धि को त्याग कर ईश्वरीय-बुद्धि में उसे मिला दिया है। चटियल मैदान की सैर को पूर्ण करने के पश्चात हम इस अनोखे से मैदान में आ पहुँचते हैं जिसे कहने मात्र को ही मैदान कह सकते हैं।

"किन्तु, मेरे पथिक ? यहाँ का मंजर क्या है ?"

"भोले मित्र ! उस मैदान में हमारे नेत्र इतने तो खुले ही थे कि वहाँ हमें प्रकाश की कुछ ऐसी झलक दिखलाई पड़ती थी जिससे हमें मार्ग की पहिचान हो सकी और अब यहाँ मानो नेत्रों के उस प्रकाश की भी जान निकल गई हो। जब प्रकाश की मृत्यु हो जाती है तब सब ओर केवल अन्धकार ही रह जाता है जिससे आध्यात्मिक-पथ के पथिक बहुत भयभीत रहते हैं और प्रार्थना करते हैं कि उनके नेत्रों में जब तक देख सकने की शक्ति उपस्थित है ईश्वर अन्धकार में जाने से बचाये। इसका कारण भी है कि जब तक नेत्रों में दृष्टि है तब तक वह बाह्य प्रकाश पर ही पड़ती है और वही भाती भी है किन्तु यहाँ यह दशा है कि नेत्र ज्योति (बाह्य) पथरा गई, देखते देखते तबियत भी भर गई तब कहीं यह दूसरा द्वार पाया है।"

"पथिक ? क्या इतनी सी बात और बताओगे कि जब दृष्टि ही जाती रही तो फिर आगे चलने के लिये तुम्हें सहारा ही क्या रहा ?"

मित्र ! वह सहारा है अनुभव की लकड़ी और उसमें भी विस्मृत (लापता) हो रहना। यद्यपि अब दिखलाई तो कुछ नहीं पड़ता। हाथ को हाथ नहीं सुझाई पड़ता है किन्तु आगे के अनुभव मुझे यह विश्वास दिला देते हैं अब वही दशा समझ व्याप्त है कि जो हो सकती है। लोग यह कह सकते हैं कि नेत्रों को फोड़कर ऐसे स्थान पर पहुंचे तो क्या पहुंचे ? किन्तु जब हमारी कोई



वस्तु फूट जाती है अथवा खो जाती है तभी उसके स्थान पर दूसरी वस्तु आती है। उसी फूटी हुई वस्तु के मामले से अनुभव का सहारा एवं फूटी हुई वस्तु से तैयार अन्य वस्तु हमको मिली है। किन्तु फिर भी अभी अन्धकार पूर्ण रूप में नहीं है बल्कि अन्धकार का प्रारम्भ है। जिसमें अभी प्रकाश के परमाणु कुछ मिले हुए हैं। इन्हीं प्रकाश-परमाणुओं के प्रभाव से ही मुझे प्रीतम की याद आती है अथवा यों कह लो कि अभी इतनी सी कमजोरी शेष है कि प्रियतम का स्मरण अनुभव-गम्य तो है इसलिये अभी इतना सा अधुरापन तो मानना ही पड़ेगा क्योंकि मैं देख रहा हूँ कि 'गन्तव्य' अभी दूर है। यद्यपि अब स्मरण में भी अन्तर है। वह यह कि स्मरण ऐसा आता है कि जैसे सोते में किसी की याद आजाती है तो मस्तिष्क में प्रभाव तो अवश्य पड़ता है; परन्तु हृदय उस स्मरण और उसके आनन्द का अनुभव पूर्णतीया नहीं कर पाता है। इस अनोखे क्षेत्र में पूर्ण अन्धकार न होते हुये भी प्रकाश-परमाणु अभी अधिक मिलते हैं। दशा बड़ी हल्की, सरल एवं सूक्ष्म होते हुये भी घनत्व लिये हुए है। विद्युत की कड़क यहाँ पर नहीं है फिर भी वह चीज तो अवश्य है कि विद्युत की चमक उत्पन्न कर सकती है और वे कण उपस्थित हैं जिन से ऐसे परमाणुओं की उत्पत्ति अवश्य हो सकती है।

तो फिर ऐसे अंधेरे मैदान की क्या विशेषता रही राही, चलते-चलते पूंछ ही बैठा राही ? इस अंधेरे मैदान में ? हँस दिया पथिक और बढ़ते-बढ़ते बोला यहां हमारी यह दशा हो जाती है कि समस्त इन्द्रियों और हृदय पर कुछ ऐसी चोट पड़ जाती है कि जिसके प्रभाव से हमारे विचारों में केवल वही धमक रह जाती है और व्यर्थ बातों की ओर कभीं तबियत नहीं जाती जिस प्रकार अधिक चोट सिर में आ जाने पर हमारी समस्त इन्द्रियाँ उस चोट के दर्द में रमात्र के अतिरिक्त और काम नहीं करतीं। इस मैदान में आने पर हमें यहाँ ऐसी ही गति विस्तृत मिलती है। इसके अतिरिक्त कुछ न कुछ ईश्वरीय शक्ति का भी अनुभव होने लगता है। क्यों न हो उसे कि जिसने केवल गन्तव्य की ओर ही ताकाँ और यहाँ तक कि अपने नेत्रों का Ratina expend कर दिया होता है। यहाँ पर सुयोग्य सद्गुरु की महिमा दर्शाती है कि पथराये नेत्र कैसे ही रहें जिससे हमारा मार्ग सीधा और सहज बना रहे, हमें दायें बायें की सुधि न रहे। यहाँ तक हम उस घने अन्धकार में भी निधड़क बढ़ते ही चलें एवं हमारी समस्त इन्द्रियां उसी प्रभाव को अपने में

समेटती चलती है । वास्तव में ये अन्धेरा नहीं है । मित्र ? ये वास्तव में उस वास्तविकता का तलछट है अथवा उस 'मूल' का तत्व है कि जिसमें हमें एक हो जाना है । इसी कारण यह क्षेत्र इतना विस्तृत है कि जिसकी माप हमारे अनुमान में नहीं आ सकती है । यह अपने समान का पहला ही क्षेत्र है । अब तो समझ गये होंगे मित्र ! कि इस अन्धकार में चलने की योग्यता केवल उसी समय हो सकती है जबकि काफी तौर हम अपने से विस्मृत एवं विस्तृत हो चुके होते हैं । जब शरीर का भान नहीं, अपने होने का गुमान नहीं तब चाहे प्रकाश हो अथवा अन्धकार हो, यहीं अब पथिक को पग-पग पर पथ-प्रदर्शक की आवश्यकता होती है ताकि बेचारा कहीं अन्धेरे में गुम न हो जाये ।"

चल दिया बटोही बेसुध और बेखुद होकर । कल कल करती सरिता से प्रतिध्वनित हुआ । अनोखा है पथिक । रसाल पर बैठी कोयल भी मानों पूछ बैठी "को हो, को हो ।" सामने ऊँची टहनी पर बैठे पपीहे ने पुकार मचाई 'पी कहाँ पी कहां ? धरणीं ने उत्तर दिया "अनोखा" है उसका-उसका साम्य-रूप से बहती हुई गम्भीर प्रवृत्ति ने उत्तर दिया "सहज-मार्ग' का पथ ही अनोखा है ।"

किन्तु निःशब्द और निरुत्तर का कहीं अनोखे-मार्ग पर चलने वाला बेचारा ।

—पथिक

## गीत

—'मगेश' एम० ए०
हिन्दी प्राध्यपिक का० इ० का० महमूदाबाद
सीतापुर

दीप जल रहा दूर विपिन में
चले चलो राही
अब समय नहीं है बीच डगर पर
रुकने का, सोने का ।

अनगिन जीवन सोते सोते
बीत चुके हैं तेरे,
जनम मरण के पुनरावर्तन,
डाल रहे हैं घेरे ॥

उजली उजली चूनर तेरी
हुयी आज मटमैली ।
प्रियतम ने जब तुझे दिया,
थी उजली सुघर रुपहली ।

ध्यान लगाकर निर्मल कर लो—
चलो पिया के द्वारे,
भुला रही थी तुझे अभी तक
यह झूठी माया ही ।

दीप जल रहा दूर विपिन में
चले चलो राही
अब समय नहीं है बीच डगर में
रुकने का सोने का ॥

पथ निर्जन है वीराना है,
फिर भी आज बढ़े जाना है ।
जनम जनम से छोड़ा यह पथ,
इसी लिये सब अनजाना है ॥

पर यह है प्रियतम की डगरी,
आगे है मनमोहक नगरी ।
कभी यहीं पर तेरा घर था,
आज अपरिचित गलियाँ सिगरी ॥

दिया निमंत्रण आज समय ने,
निज गृह को चलने का।
पथ दर्शक आया द्वारे पर,
सम्बल उसका ही ॥

दीप जल रहा दूर विपिन में,
चले चलो राही।
अब समय नहीं है बीच डगर में,
रुकने का, सोने का ॥

माना डगर बहुत दुस्तर है,
बड़े बड़े व्यवधान मिलेंगे।
गहरे सागर ढहे दुमहले—
घोर विपिन तूफान मिलेंगे ॥

पर पथ दर्शक साथ तुम्हारे,
चिंता क्या करनी है मन को।
तुम्हें छोड़ना उसके हाथों—
अपने तन मन को जीवन को ॥

अंतर को विश्वास एक,
तेरी करुणा का ही।
दीप जल रहा दूर विपिन में,
चले चलो राही ॥

आज विश्व का जन जन मन में,
पीड़ित बहुत व्यथित है।
यद्यपि भौतिकवादी युग का—
सारा सुख संचित है ॥

जितना करता जग निदान,
तृष्णा बढ़ती जाती है।
अन्यायों में शान्ति कीर्तिका,
मृत्यु गीत गाती है ॥

एक सहारा आज विश्व को
सहज मार्ग का ही।
दीप जल रहा दूर विपिन में
चले चलो राही ॥
अब समय नहीं है बीज डगर में
रुकने का सोने का ॥

# हमारी प्रार्थना

(श्री रमापति डींगर)

ऐसा प्रतीत होता है कि सृष्टि की भाँति प्रार्थना भी अनादि है। इसका आरम्भ क्यों और कैसे हुआ यह कोई नहीं बता सकता। मानव का मन और प्रार्थना शायद साथ ही साथ जन्में होंगे। प्रत्येक धर्म, मत तथा सम्प्रदाय में प्रार्थना को अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। वैदिक साहित्य से लेकर आज के साधारण सन्त कवि तक की वाणी प्रार्थनाओं के रस से सिक्त मिलती हैं। उपासना का मुख्य अंग ही प्रार्थना रहा है। नवधा भक्ति की अन्तिम सीढ़ी, प्रेम मार्ग के उच्चतम सोपान आत्म समर्पण है जो आत्म निवेदन से आरम्भ होकर समर्पण में सम्पन्न होता है। सम्भवतः समय प्रार्थना को नई वेष-भूषा, नई साज सज्जा देता रहा होगा तभी तो उसके अनन्त रूप हमें देखने को मिलते हैं। इन सब में उसका सबसे अधिक जाना पहचाना रूप वह है जिसमें अपने प्रिय से उसके रूप गुण का वखान करते हुए अपने अर्थ का निवेदन किया जाता है और सम्भवतः इसी प्रार्थना के कारण उसका नामकरण प्रार्थना हुआ होगा।

किन्तु वास्तव में क्या अपने प्रिय के सम्मुख ठकुर सुहाती अथवा खुशामद करते रहना और निरन्तर भीख माँगते रहना प्यार के माप दण्ड को गिराना नहीं? क्या यह प्रार्थना तथा प्रिय के सम्बन्ध को गन्दा करना नहीं है! मुझे तो विश्वास सा हो चला है कि इस प्रकार का अनवरत व्यवहार प्रिय की दृष्टि में प्रेमी को नीचे ही गिराता रहता है और तभी तो प्रार्थना का कोई प्रभाव होता नहीं दीखता। जब प्रार्थना का यह रूप कलुषित है तो वस्तुतः प्रार्थना कैसी हो, यह प्रश्न उठ खड़ा होता है। इस बात पर विचार करने से पूर्व हमें यह सोचना होगा कि प्रार्थना क्यों की जानी चाहिये और कब? यदि प्रार्थना से माँग जांच एवं खुशामद का तत्व हटाकर उसके शाश्वत पवित्र रूप को देखा जाय, तो प्रार्थना करने का न तो कोई निश्चित कारण ही हो सकता है और न उसका कोई समय ही नियत किया जा सकता है। वास्तव में प्रार्थना कोई सज्ञान कर्म नहीं है, वह तो प्रेमी हृदय की एक दशा है जिसका उद्रेक होते ही प्रार्थना फूटने लगती है, की नहीं जाती। यह वह

दशा है जो मांगने से नहीं मिलती, बुलाने से नहीं आती और आती है तो फिर जाना कठिन है ।

इश्क पर जोर नहीं है यह वो आतिश गालिब ।
जो लगाये न लगे और बुझाये न बुझे ।।

अपने हृदय के पुंजीभूत प्यार को अपने प्रिय के सम्मुख व्यक्त करना ही तो प्रार्थना है, अपने हृदय के फ़फोलों को मालिक के सामने उघाड़ना ही तो प्रार्थना है। उसके नाम रूप गुणों से उद्वेलित हृदय की मचल मचल पड़ने वाली प्रेम लहरियों के बीचि विलास को तो ही प्रार्थना कहेंगे। उसे, जिसे हम जी जान से चाहते हैं जिसके स्मरण मात्र से हमारे भावाम्बुधि में उठी हुई उत्ताल तरंगे उसके चरण स्पर्श करने हेतु अपनी मन्द गति से गीतों को जन्म देती, मूर्छनाओं का सर्जन करती, सुनने वालों के हृदय को मोहती, सोते हुओ को झकझोरती निर्बन्ध सीमा हीन बन कर फूट पड़ती है, वही तो है प्रार्थना ! जिस समय प्रार्थना आती है अपने अंचल से बेसुधि, तड़प, आंसू और उत्तम प्रेम को खोल देती है। आह और कराह, दाह और जलन अनिवचर्नीय आनन्द का कारण बन उठते हैं। ऐसी विचित्र है प्रार्थना, ऐसी विरोधाभासिनी है यह छलनाभयी किन्तु साथ ही आहत हृदय सद्यः-स्नात प्रेमोत्तप्त भक्त हृदय के लिये ममतामयी कल्याणी।

आँसुओं के मोतियों का निर्माल्य, भाव भीने किन्तु वियोग जनित दाह के उत्ताप से भुन रहे मन का उपहार लिये अपने आप में खोया, पुजारी अपने मन भावन के पावन चरणों में अपने अपावन मन को अजाने अर्पित करने के हेतु जब जल बुझे सस्वर अथवा मूक शब्दों में प्रथम अपनी अपनी वेदना विखेरता है तो उसका समस्त व्यक्तित्व अपने प्रिय के व्यक्तित्व में खोने लगता है और धीरे-धीरे रह जाता है केवल प्रिय और क्रमशः वह भी नहीं। यही है प्रार्थना जिसका न अर्थ है न उद्देश्य। जो एक दशा है जिसमें प्रिय की सहायता भी नहीं माँगी जाती कि डूबते से बचा ले क्योंकि वह डूबना ही उबारना है, वह मौत ही जीवन है—

डूबने को तो डूबे मगर नाज़ है, अहले साहिल को हमने पुकारा नहीं।

अन्य प्रार्थनाओं पर विचार न करके हम अपनी मिशन की प्रार्थना पर विचार करेंगे और देखेंगे कि हमारी प्रार्थना में उपरोक्त तत्व कहाँ तक



मिलते हैं। हमारी प्रार्थना की प्रथम कड़ी क्रमशः उर्दू, अंग्रेजी तथा हिन्दी में इस प्रकार हैं—

**ऐ मालिक कुल ! तू ही हमारी जिन्दगी का मकसद है।**

**O Master! then art the real goal of human life.**

**हे नाथ ! तू ही मनुष्य जीवन का ध्येय है।**

यह प्रार्थना वैदिक मंत्रों की भांति प्रणव पाठ से आरम्भ होती है। इस पंक्ति में अंग्रेजी के प्रथम शब्द 'O' 'M'aster के प्रथम दो व्यञ्जनों से 'ॐ' शब्द उच्चरित होता है' अतः इसका प्रभाव मंत्र जैसा है। मंत्र का कार्य है तुरन्त उस स्थिति को उत्पन्न करना जिसके सम्बन्ध में वह पढ़ा गया है। यहाँ प्रथम वाक्य हैं ऐ मालिके कुल। अर्थात प्रत्येक वस्तु का मालिक प्रभु अर्थात सारे ब्रह्मांड का मालिक और इस प्रकार मेरा भी मालिक मेरे तन मन प्राण का मालिक। कैसा गागर में सागर भरा है इन शब्दों में। किस सरल एवं सुबोध शैली में मेरे मालिक को अनादि, जगन्नियन्ता, सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी, सर्व सत्तामय आदि २ अनेक गुणों युक्त कह दिया और मजा यह है मस्तिष्क को सोचना नहीं पड़ता। यह विचार स्वतः आ जाता है। एक ओर मालिक की सत्ता का निरूपण होता है और दूसरी ओर इस विचार के आते ही उपचेतना इस मंत्र पाठ करने वाले के व्यक्तित्व का उस मालिके कुल से सम्बन्ध स्थापित कर देती है अर्थात नाथ तथा सेवक। एक डोरी के दो सिरे जिसका सम्बन्ध अनादि काल से स्थापित हैं। क्या ही विचित्र स्थिति होती है इस पंक्ति के विचार से। सेवक स्वामी की सीधी सेबकाई में है, हुजूरी में हाजिर है। पूजा का आरम्भ हुआ, नेत्र बंद हुये, 'मूंदहु आँखि कतहुँ कोउ नाहीं'। सारा बिश्व अदृश्य किन्तु फिर भी कोई आ गया सम्मुख। कौन आया ! उत्तर है-'सब उल्टी चाल चलते हैं यह रह रवाने इश्क, यह आंख बन्द करते हैं दीदार के लिए'। और कौन आयेगा ? वही जिसकी खोज है, जो अपना प्रभु है, अपना स्वामी है, अपने एक २ अणु का एक २ परमाणु का। जिसके लिये यह पंक्ति कहती है कि वह जीवन का ध्येय है। अर्थात वही मात्र ध्येय है, वही प्राप्त है, केवल वही हमारे ध्यान का केन्द्र हो सकता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हम अपने विचारों से किसी वस्तु के

जो हमारे ध्यान का केन्द्र बनती है तथा अपने चारों ओर एक परिधि बांध देते हैं और स्वयं उसमें बंध जाते हैं। ऐसी अनेक परिधियाँ हम हर समय अपने चारों ओर बांधा करते हैं धीरे धीरे इन अस्थायी केन्द्रों की संख्या और उनके तथा अपने चारों ओर की परिधियों को हम इतना बढ़ा लेते हैं कि वास्तविक ध्येय की ओर निगाह ही नहीं पहुंच पाती। फल यह होता है कि मालिक तथा उसकी हजूरी सभी कुछ समाप्त हो जाता है। हमारे बनाये हुये वृक्ष बढ़ते रहते हैं और हमारे संस्कार बनते रहते हैं। प्रस्तुत पंक्ति में कितने सहज ढंग से कह दिया कि मालिक ही हमारे ध्यान का केन्द्र है, वही हमारी मंजिल है। हमारा ध्यान जब चले तो उसी ओर, देखे तो उसी ओर, सोचे तो उसी की बात। क्यों? इसलिये कि वह केवल मेरा ही नहीं मनुष्य जीवन का ध्येय है। मानव मात्र का है। ऐसा क्यों? क्यों कि वह मालिके कुल है; अनादि है और इस प्रकार हमारा उसका प्रभु सेवक सम्बन्ध भी अनादि है। दूसरी प्रकार से इसको सोचने पर ज्ञात होगा कि अप्रत्यक्ष रूप से कहा जाता है कि अपने ध्यान को अन्य पर केन्द्रित न करो क्या आशय हुआ इससे? स्पष्टतः इसका अर्थ है संसार को भोगो, उसे वर्तो, उसे देखो पर गौर से नहीं, अपने ध्यान को रोकों मत, जमाओ नहीं, अन्यथा एक नया किन्तु झूठा, फसाने वाला केन्द्र बन जायेगा। भगवान कृष्ण के शब्दो में "निमित्त मात्रं भव'। निष्काम कर्म करो। फलों की कामना से हीन। कर्म अकर्म हो जायेंगे, पूजा बन जायेंगे, संस्कार नही नहीं बनेगा। कितनी सरलता से बात ही नहीं कही गई वरन करने में भी सरल लगने लगी। इस प्रकार जब हमारां सबका ध्येय हमारे सामने आ जाता है तो हम यह देखते हैं कि यह कहा गया है कि वह मनुष्य जीवनकाध्येय हैऐसा क्यों? मालिके कुल तो सब का है सभी प्राणियों का है। ठीक है। इन शब्दों से हमें अपने उद्देश्य की याद दिलाई गई है। तुलसी ने कहा-है—"बड़े भाग्य मानुस तन पावा। सुर दुर्लभ सद् ग्रन्थन गावा।" आदि। इसलिये कि केवल मनुष्य योनि द्वारा ही मोक्ष-प्राप्ति सम्भव है अन्य सब भोक्त योनियाँ हैं। "मकसद" का शब्द भी यही व्यक्त करता है कि हम किसी चीज का इरादा करके इस योनि में भेजे गये हैं और वह है मोक्ष प्राप्ति। अतः मालिक से वही प्राप्त करना है। हम हैं, मालिक सामने है, जीवन का उद्देश्य ज्ञात है। सफर के आरम्भ में ही मंजिल स्वयं सामने हैं, केवल उसमें



खो जाना है, लय हो जाना हैं और हमारा सफर समाप्त। यह केन्द्र यह ध्येय क्या है? आज तक खोज ने यह बताया कि सभी प्राणियों तथा वस्तुओं की अपनी एक सत्ता एक रूप होता है। इनसे ऊपर पदार्थो की भी अपनी सत्ता होती है। केवल एक ईश्वर ही शून्य है, अतः वही केन्द्र है और उसी को आधार मान कर सारे के सारे वृत्त बनते हैं जो चर और अचर जगत कहा जाता है। अब यह एक समस्या बन जाती है कि इधर तो हम कहते हैं कि हमने पूजा में बैठकर नेत्र बन्द किये और उधर केन्द्र हमारे सामने, किन्तु रूप गुण हीन ईश्वर कैसे सामने आ सकता है? ठीक है, किन्तु समस्या का उत्तर सरल है। ईश्वर शून्य है, अतः वही केन्द्र है। किन्तु शून्य को प्राप्त करना तो सरल नहीं और वह सामने भी कैसे आ सकता है। थोड़ा ही सोचने से बात स्पष्ट हो जायगी। एक ही प्रकार की दो वस्तुयें एक दूसरे से ऐसी मिल जाती है कि अन्तर प्रतीत ही नहीं होता। बूंद समुद्र में मिल जाने के बाद दिखलाई नहीं पड़ती और उस बूंद को भी हम समुद्र की सता देदेते हैं। इसी प्रकार वह व्यक्ति जिसने अपने आप को शून्य कर दिया है, अथवा अपने 'स्व' का पूर्ण रूपेण नाश कर दिया है वह ईश्वर में, उस अन्तिम सत् में निष्ठ हो जाता है। वह शून्य हो जाता है। बूंद और समुद्र की भांति वह ईश्वर हो जाता है। उसका प्रत्येक कार्य ईश्वरीय होता है, अपना नहीं। ऐसा ही हमारा सद्गुरु, हमारा ईश्वर है कहा भी है:—

गुरु गोविन्द दोनों खड़े केहिके लागों पाँव, बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दिया दिखाय। ऐसा ही व्यक्ति परम तत्व हो जाता है। "ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति" अथवा "जीवो ब्रह्मैव नापरः"।

इसी से कहा है:—

यस्य देवे परा भक्ति यथा देवे तथा गुरौ
तस्यैते कथितः ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः
गुरुब्रह्मा गुर्रुविष्णो गुरुदेव महेश्वरः
गुरुसाक्षात परब्रम्ह तस्मैं श्री गुरुर्वनमः आदि।

अतः हमारा मालिक हमारा सद्गुरु ही है और वही साधन, साधना तथा साध्य है। कैसा अपूर्व संगम है। अब हम पायेंगे कि पंक्ति के पाठ के साथ ही साथ आश्रम विभाग के ब्रम्हारी अर्थात् ब्रम्ह में चरण करने वाले

का कार्य आरम्भ हो जाता है। हमने अपनी मंजिल जान ही नहीं ली उसके सम्मुख है और उससे सालोक्यता का आरम्भ होने लगा है। प्रथम दिन से ही हमने आश्रम व्यवस्था का पालन और मोक्ष प्राप्ति साथ २ आरम्भ कर दिया और किया क्या ? केवल एक पंक्ति का पाठ। इस पंक्ति की आवृत्ति से कर्म तथा ज्ञान का अभ्युदय आरम्भ होता है। वरेण्य धर्म की अनुभूति के साथ ही साथ हम उसके बंधनों से ऊपर उठ जाते हैं और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं जहाँ हमारी आत्मा का सीधा सम्बन्ध मालिक से स्थापित हो जाता है। चारो पदार्थों में से प्रथम पुरुषार्थ "धर्म" हाथ आ जाता है।

प्रार्थना की दूसरी पंक्ति है:—

हमारी ख्वाहिशात हमारी तरक्की में रखना अन्दाज हैं।

We are yet but slaves of wishes putting bar to our advancement

हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं

हम अपनी अनगिन इच्छाओं के दास हैं, यह बात हम से छिपी नहीं है। हमने उन सब को अपने ध्यान का वारी २ से समय समय पर केन्द्र बनाया और बनाते रहते हैं जिसका फल यह हुआ कि जिस प्रकार मकड़ी अपने भीतर से जाला निकाल कर स्वयं अपने चारो ओर उसे बुनती जाती और फंसती जाती है, उसी प्रकार हम भी स्वयं प्रसूता इच्छाओं के जाल में फंसते जाते हैं। यदि हम अपनी आँखों के आगे कपड़ा लपेटते जाँय तो क्या होगा ? हम कुछ भी देख नही सकेंगे। इसी प्रकार जब हमारा 'स्व' हमारे चारों ओर इच्छाओं के नये नये केन्द्र बनाने लगता है तो हम अपने भीतर के वास्तविक केन्द्र से विमुख होकर बाहर की ओर बनाये गये केन्द्रों पर अपना ध्यान अवस्थित कर देते है और जिस विचार की पीठ पर हम सवार होकर हम सफर कर रहे थे वह हमको भीतर से बाहर की ओर ले चलता है। हम अपने सच्चे केन्द्र की ओर बढ़ने के स्थान पर झूठे केन्द्रों की ओर बढ़ने लगते हैं और नये वृत्तों से ढंकने लग जाते हैं। और दुख की बात यह है कि यह हमारा स्वयं का कर्तव्य है जिसे हम नहीं जानते और न सोचते ही हैं कि यह इच्छायें हमसे ऐसी दासता कराती हैं कि हम अपने आपको भूल कर अपनी आसुरी सम्पदाओं के चंगुल में फंस जाते हैं और जीवन के रंग मंच पर अभिनयशील दक्षिण नायक के रूप में कार्य करने वाली दैवी सम्पदायें हार मान कर पट के पीछे चली जाती है और



खल पात्रों को रंग भूमि दे जाती है। प्रकट है कि जीवनाभिनय कसा होगा अन्तिमसत् का केन्द्र एक ही हो सकता है अतः अनेक केन्द्र और उनके चारों ओर बने वृत्त झूठे हैं। यही झूठ माया है जो सच्ची लगती है। यह उल्टी भासती है। जैसे नदी में पड़ने वाली पेड़ की छाया नदी के पास खड़े हुए व्यक्ति को उल्टी दीखती है, वैसी माया भी सत्य तथा मुग्धकर लगती हैं। जब हमारा मन बिकेन्द्रीकरण करके अनेक केन्द्र बनाने लगता है तो केन्द्र से प्राप्त शक्ति मिलना बन्द हो जाती है और हमारा मन दुर्बल, हमारी प्रज्ञा प्रसुप्त और हमारा विवेक मुर्चा लगे हुए गुट्ठल अस्त्र के समान निष्क्रिय, निष्प्रयोजन हो जाता है। हम आँख रहते अन्धे हो जाते हैं। हमें अपने केन्द्र की ओर बढ़ना चाहिये अपने मालिक की ओर दौड़ना चाहिये किन्तु नये एवं झूठे केन्द्रों की वहुलता तथा उनकी अनेक रूपता एवं उनके प्रलोभन में हम और आगे की ओर बढ़ने लगते हैं। इस प्रकार पीछे की ओर चलने के स्थान पर हम संसार की ओर और आगे बढ़ने लगते हैं। लय के स्थान पर विकास की ओर अग्रसर होने लगते हैं। यह है हमारी दुर्दशा। अब प्रश्न यह होता है कि इन से बचा कैसे जाय ? प्रथम तो हमें आत्म निरीक्षण करना होगा, हमें यह देखना होगा कि हम जो कार्य कर रहे है उसमें हमारे साथ हमारे मालिक की इच्छा है अथवा नहीं और यदि है तो कितनी। जब तक हमारे प्रत्येक काम को मालिक का पूर्ण समर्थन प्राप्त नहीं है, वह काम हम कर रहे हैं और हमारा लगाव अपने केन्द्र से नहीं है। ऐसी दशा में हम केन्द्र की शक्ति से वंचित रह जायेंगे। अतः सुनहरा उसूल तो यह है कि हम अपनी इच्छाओं की चिन्ता छोड़ दे और मालिक की इच्छा अपनी इच्छा बना ले अथवा उन्हीं पर चलने लगे, बस समझिये काम हो गया। ऐसा करने हेतु हमें ऐसा करने का पक्का इरादा करना होगा।

इच्छायें क्या हैं ? वास्तव में यह वृत्तियाँ हैं। भीतरी हरकत ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों में होती हुई बाहर आती है और बाहरी पदार्थों का रंग रूप गुण आदि लेकर पुनः उसी रास्ते लौट जाती है। कोषों में होकर अन्त में आनन्द मय कोष तक जाती है और पुनः बाहर आती है। कुछ को विज्ञान मय कोष से ही लौट आना पड़ता है और कुछ आनन्दमय कोष में रुक कर संस्कार बन जाती हैं। मन इन सबकी तस्दीक करता है और इन्हीं की छाप

हमारी रुचि और अरुचि वन जाती हैं । यदि हम अपनीं इच्छाओं के प्रति तटस्थ हो जायें तो कोई सन्देह नहीं कि संस्कार बनना बन्द हो जायगें तथा पूर्ण मुक्ति हमारी होकर रहेगी । इस प्रकार इस पंक्ति में इस ओर संकेत किया गया कि जब तक संस्कार हैं तब तक शरीर है और जब तक शरीर है तब तक इच्छायें और बन्धन । तो शरीर तो छोड़ा नहीं जा सकता किन्तु हम उसके प्रति भी तटस्थ हो सकते हैं अतः हम विदेह वन जायं । उसका एकमात्र रास्ता यही है कि शरीर के कारण भूत 'स्व' को छोड़ दें । इसका एकमांत्र साधन है मालिक की इच्छाओं पर चलना और जीवन मुक्ति के अनन्तर मुक्ति का लाभ । कितना सरल तथा प्रभावी साधन है ।

इस पंक्ति में दिये गये संकेतों एवं आदेशों में आश्रम विभाग के गृहस्थ धर्म की कठिनाइयों और उन पर बिजय पाने का मूल मंत्र बताया गया है । असंतुलित स्थितियों में संतुलन प्राप्त करने हेतु ईश्वर प्राप्ति के एक मात्र साधन मन को प्रशिक्षित करने का सरलतम उपाय प्रस्तुत किया गया है । हमें वार बार अपने मालिक के वारे में सोचने को विवश होना पड़ेगा । वह क्या चाहता है, कैसे चाहता है, जो किया वह आदेशानुसार हुआ अथवा नहीं आदि पर विचार करते २ हमारी हमारे मालिक के साथ भावनात्मक एकता स्थापित होगी और सतत् स्मरण होने लगेगा । 'स्व' का नाश होगा और हम सारुप्यता कीं ओर बढ़ेंगे । हम आध्यात्मिकता से ऊपर उठना आरम्भ कर देगें और वास्तविकता से परिचय होना आरम्भ हो जायगा । चार पदार्थों में से दूसरा पुरुषार्थ "अर्थ" हाथ लगेगा ।

प्रार्थना की तीसरी पंक्ति हैः—

**तू क़ादिरे मुतलक़ और हमारा माबूद है**

**Thou art the only God and Power**

**तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट हैं ।**

हमारे सम्मुख हमारा स्वामी है । हमने अपने आपको उसकी इच्छा पर चलाना आरम्भ कर दिया है। हमारी तदाकारता बढ़ने लगी है। उसकी शक्ति हममें आने लगी है । हम उसके निकट बढ़ने लगे हैं । हम पहचान गये हैं कि वही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है । हमारे बनाये हुये अन्य केन्द्र झूठे थे । उससे प्रवाहित दैवी शक्ति का अजस्र



प्रवाह हमें छूता है, हमारे भीतर उतरता है, हमें कुछका कुछ बनाये जा रहा है । हम अपने नहीं रहे हैं। फिर किसके हो गये ? हाँ उसी के। पहचान लिया है हमने अपने स्वामी को । उसकी शक्ति का, उसके स्वरूप का थोड़ा २ अनुमान हो गया है, कुछ २ अनुभूति भी हो रही है । पहले अनुभूति नहीं थी, जानकारी नहीं थी, अव हो रही है ।
"बिनुजाने न होय परतीती, विनु परतीति होइ नहिं प्रीती ।"

संभबतः यही कारण है कि हमारे प्यार की अपेक्षा किये विना ही हमारा मालिक हमसे प्यार करता रहा है। अब विश्वास जगने लगा है। अपनी अपदार्थता को अपने बोझ को मालिक के हाथ में देकर कैसे हलके और निश्चिन्त होकर सफर कर रहे हैं । उसकी शक्ति से परिचालित होने की, अपने आप को उसमें पूर्णतः खो देने की उत्कट अभिलाषा हिलोरें लेने लगी है । मन कहता है कि तुम्हीं हो अन्तिम सत्, आदि भूमि, भूमा, तम । तुम्हीं हो मेरी मंजिल । ओ अरूप और अनाम ! यह आँखें केवल तुम्हारे चन्द्रवदन को ही निहारना चाहती हैं, तुम्हारे पतित पावन पदुम-पलाश चरणों के शीतल स्पर्श से तुम्हारी नख-ज्योति की विमल आभा से यह आँखें सदा के लिये बन्द हो जाना चाहती हैं हाथ ऊर्मिल विद्युतमय व्यक्तित्व को ही छूना चाहते हैं, पांव तुम्हारी मूर्छनाभरी छाया के भीतर आने को आतुर हैं, कान कोई और स्वर सुनने को तैयार नहीं । प्राणों का स्पन्दन तुम्हारी गोद में थक कर सो जाना चाहता है । भीतर ही भीतर प्यार करवटें ले रहा है, एक सच्चे दास के रूप में अपने को ढ़ालने हेतु मन मचल रहा है । जी करता है कि अपने आप को उत्सर्ग कर दें । क्या यह प्रेम का आरम्भ है ?

श्रद्धा उमड़ रही हैः तड़प, तड़प तड़प पड़तीं है । तुम अब भी दूर क्यों हो ? निकट आओ, और निकट और निकट, और संज्ञा सोने सी लगती है । मेरा मैं जगत में था अब नहीं रहा। मेरा 'मैं' तुझमें था, अब नहीं रहा । नहीं २ अब तो तुम ही तुम रह गये। अरे, वह भी नहीं । कभी कभी तो तुम भी नहीं रहते । मेरे भीतर बाहर कुछ उजड़ा उजड़ा सा है, कुछ सूना २ सा है । किन्तु फिर भी एक अद्भुत आनन्द है । दो पंक्तियों में सत्, चित् दीखा था अब आनन्द ही आनन्द है । किन्तु लगता है अभी आगे कुछ और है। वह कौन देगा ? कैसे देगा ?

माँ बच्चे के साथ खेलती है, दुलार से हृदय उमड़ रहा है, खिलौना दिखाती है और जब बच्चा ललकता है तो पीछे की ओर कर लेती हैं। बच्चा दूने उत्साह से दौड़ कर पाना चाहता है, माँ हँसती, मंत्रिता पुत्तलिका सी देखती किन्तु हाथ पीछे की ओर ही किये रखती है। खिलौने की झलक दिखा कर पुनः पीछे। बच्चे में चाह की तीव्रता बढ़ रही है। उसी प्रकार हम भी पागल हो रहे हैं, कैसे पायें ? माँ तो छिपा लेती है, दिखाकर दूरकर देतीहै हमारा खिलौना लय,फना, बरवादी वेहोशी काहोश और हम हारे थके छींना झपटी कर रहे हैं । आह ! कैसा है यह प्रेम का आदान-प्रदान। मालिक सब को दे। वाणप्रस्थ का एकान्त यहां है, वास्तविकता से ऊपर का आनन्द यहाँ है। यही सायुक्त मुक्ति है किन्तु अभी कुछ और है। खिलौना हमने देखा भर है, पाया नहीं । मिले तो जाने वह किसकी प्रतिमा है। दर्श-स्पर्श से परे, इन्द्रियों की परिधि के बाहर वह क्या है जो नहीं मिला अब भी। तुझ सा ही लगता है। हमें उसमें तेरा रूप दीखता है, तेरे स्पर्श का भान होता है और फिर क्या कहूँ कुछ भी होता नहीं लगता पता नहीं क्या है, कहाँ है। देदे ! वही, जो हमें प्रिय है जो तू देना चाहता है। देर करने में धीरज छलक रहा है। चार पदार्थो का तीसरा पुरुषार्थ "काम" हाथ लग गया।

प्रार्थना की चौथी तथा अन्तिम पंक्ति है:—

**बिला तेरी मदद के तुझ तक हमारी रसाई मुहाल है।**

**To bring me upto that stage.**

**बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ॥**

अभी तक हमें अपने पैरों की शक्ति पर थोड़ा-थोड़ा विश्वास था। हमारा देश, हमारा घर, हमारा आवास, हमें दिखायी पड़ता था, हम वहाँ पहुँच जाना चाहते थे, दौड़कर, कूदकर, उड़कर और यह इच्छा, यह लय तथा लय स्थान की इच्छा स्वयं इच्छा होने के कारण एक बाधा बन गयी थी। हमारी समझ एक दायरा बन कर हमारे चारों ओर एक बंधन बांध देती थी। अनिच्छा शाश्वत नहीं हो सकी थी। मंजिल भूली नहीं थी अतः हर मौज साहिल कैसे बनती। समुद्र की गोद में अपने आपको ढीला छोड़ देने वाला व्यक्ति ही उत्ताल तरंगों की सवारी करता है। अपनी चेष्टा करने वाला ही तो अन्ततः गर्त को प्राप्त होता है। पैरों की ठोकर खाकर ही तो धूल मस्तक



पर बैठती है। यहां आकर तो सभी कर्मों का सन्यास है, मुक्ति का अन्तिम स्वरूप प्राप्त होता है, सत्चित आनन्द के बाद का संसार हमारे सामने विस्तृत है-सीमा हीन, अछोर। हम जीवित शव हैं। समझदार नासमझ-ज्ञानी मूढ़। विचित्र है यह जगत। सभी शक्तियों के उद्गम बनकर भी हम निःशक्त, सभी स्पन्दनों के जीवन होते हुए भी जड़ जैसे। कुछ कहा नहीं जा सकता इस स्थिति के बारे में। दे तो वही दे, जाने तो वही जाने। "सोइ जानत जेहि देहु जनाई, जानत तुमहि तुमहि होइ जाई।" आगे मौन है, नेति नेति है। चारों पदार्थो का अन्तिम पुरुषार्थ "मोक्ष" यही है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारी प्रार्थना कर्म, उपासना और ज्ञान की त्रिपथगा, चारों आश्रमों का संगम, आत्म साक्षात्कार के चारो सोपानों का योग है। वह अन्तिम सत् को पाप्त करने का सहज मार्ग है। जिसने प्रार्थना नहीं की उसने साधना नहीं की। जो स्वयं प्रार्थना मय नहीं बन पाया, निरन्तर उसी विचार में नहीं रहसका, वह ईश्वर में, उसके लिये और उसके सहारे जीवित नहीं है।

मेरे मालिक मेरे प्रतिपालक, मेरे ईश्वर हम सबको यह स्थिति शीघ्र प्रदान करने की कृपा कर—मेरे प्रभु।

# अनन्त यात्रा

(इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म-विद्या सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं। .........सम्पादक)

( श्री 'बाबू जी' का उत्तर )

प्रिय ·· ···

शुभाशीर्वाद

जब आदमी उजाले की तरफ देखता है, आंख का रेटिना ( Retina ) चमक के कारण फैल जाता है। नतीजा यह होता है कि उस उजाले में भी अंधेरा प्रतीत होता है। यह कैफियत अधिकतर त्रिकुटी के स्थान पर पहुंने से होती है। वहाँ पर उजाला बहुत है। इसलिये अँधेरा प्रतीत होता है। यह बात मैं आगे के लिये लिख चुका। तुमने जो लिखा है कि अपना शहर परदेश मालूम होता था और घर वाले सब ऐसे मालूम होते थे जैसे कि कोई अनजान लोग हों। ऊपर लिखे हुए नियम के अनुसार जब अभ्यासी का 'रूह' में लय होना शुरू हो जाता है यानी उसकी निगाह जब 'उसमें' गड़ जाती है तो अपनायत केवल अपनी रूह से होने लगती है। अपनायत के विरुद्ध जो बाहरी vision है वह मद्धिम हो जाता है। अपनी असली ताकत ही में निगाह जम कर रह जाती है। जो चीज सामने अधिकतर रहती है पहले वह मद्धिम मालूम होती है। उसके बाद हालत और बदलती है जिसका इस समय खोलना मैं मुनासिब नहीं समझता। खाली रहना अच्छा है और इसके यह मानी होते हैं कि हमारे बहुत कुछ आवरण उतर चुके हैं। दिल पर निगाह अधिक अभ्यास हो जाने पर ठहरा नहीं करती इसलिये कि हमने दिल का बिन्दु किसी स्तर या क्षेत्र में जाने के लिये बनाया था इसलिये जरूरी नहीं रहता कि दिल ही पर हम बार बार जबरदस्ती निगाह को क़ायम करें। शुरू ध्यान दिल पर



किया फिर वह जिस स्तर (Plane) में स्वयं चला जाये वहीं पर रक्खें। माथे और सिर के पीछे हिस्से में जो तुमने लिखा है 'मालूम होता है कुछ खुल गया।' माथे में तो असर जरूर है मगर पीछे के भाग में अभी झंकार है और अभ्यासियों को हमारे यहाँ अक्सर मालूम होती है, इसलिये कि मैं ऐसी सादा तवज्जह (Sitting) देता हूँ जिसका असर जहाँ पर की यह चीज़ है जल्द पड़ता है। तुम यह भी लिखना कि जब तुम पहुँचे तब घर का वायुमण्डल क्या कुछ बदला हुआ पाया? यदि पाया तो किस क़दर।

शुभचिंतक

रामचन्द्र

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी !

सादर प्रणाम

पत्र आपका आया, समाचार मालूम हुआ। आपने रेटिना आदि के बारे में लिखा सो अभी कुछ उसके माने ही समझ में आये हैं। परन्तु मेरी कुछ ऐसी बुद्धि है कि बिना उस कैफियत के आये कुछ समझना नहीं चाहता हूँ, इसलिये कुछ अधिक समझ में भी नही आता और जितना समय किसी चीज के समझने में लगाऊँ उतना यदि 'मालिक' की याद में लगा सकूँ तो कितना अच्छा हो और अपने व मालिक के प्रति वह सुदृढ़ सम्बन्ध स्थापित कर सकूँ जिसे यदि स्वयं वह भी हिलाना चाहें तो भी न हिल सके। 'मालिक' की अनवरत कृपा से ही ऐसा होगा और अवश्य होगा। सिर के पिछले भाग के लिये आपका झंकार शब्द ही बिल्कुल ठीक है परन्तु झंकार होती बड़ी जोर से थी। आपने जो यहां के वायुमंडल के विषय में पूछा सो मुझे तो यहां का वायुमंडल हँसता हुआ मालूम पड़ता है और शान्ति तथा हल्कापन भी बहुत लगता है। जब आपके यहाँ गया था तो केवल शान्ति ही अधिकतर मालूम पड़ती थी। अब आजकल की अपनी आत्मिक दशा के विषय में लिख रहा हूँ। आजकल तबियत ऐसी है कि न 'मालिक' से जरा भी प्रेम है और न भक्ति और शायद इसीलिये काफी दिनों से 'उसकी' याद की भी याद आना कम होता जा रहा है। कभी-कभी ऐसा मालूम पड़ता है कि 'उसे' बिल्कुल भूल बैठा हूँ परन्तु इस भूल की दशा में भी तबियत उधर हीं मालूम पड़ती है परन्तु आदत के कारण जब 'उसकी' ओर ध्यान जाता है तो ऐसा ही मालूम पड़ता है कि तबियत उसी में स्थित

है। पहले जब 'मालिक' की याद की याद नहीं आती थी तो बहुत झुँझलाहट लगती थी परन्तु अब न तो बुरा ही लगता है वरन् बिल्कुल हल्कापन रहता है। आत्म समर्पण के विषय में तो केवल इतना ही मालूम पड़ना है कि मानों बार बार नक़ल उतार रहा हूँ यद्यपि यह भी नहीं मालूम पड़ता कि किसी काम को मैं स्वयं ही कर रहा हूँ। यह सब होते हुए भी जैसा कि आपने लिखा है अपना कर्त्तव्य समझ कर अभ्यास व 'मालिक' की याद जितना पहले करता था किसी न किसी प्रकार अब भी किये जा रहा हूँ। वास्तविक बात तो यह है कि ध्यान दूँ या न दूँ परन्तु 'मालिक' की कृपा से तबियत बिल्कुल एक धार से 'उसी' की ओर लगी मालूम होती है।

आपकी दीन हीन सर्वसाधन विहीन संतान

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम,

एक पत्र भेज चुका हूँ मिला होगा। परसों से दशा कुछ थोड़ी सी और बदल गई है वह जो कुछ है और जितना समझ सका हूँ लिख रहा हूं।

परसों से कुछ ऐसा होता है कि दिन भर में कई बार कोई काम करते–करते तबियत एक दम न जाने कहाँ चली जाती है। फिर थोड़ी देर बाद फिर लौट आती है। यद्यपि होती थोड़ी थोड़ी देर के लिये है, परन्तु होती कई वार है। वैसे तो दिन भर सुषुप्ति की सी ही दशा रहती है परन्तु अब यह कुछ और होने लगा है। तबियत एक ओर को कुछ ऐसी हो गई है कि उससे एक क्षण को भी हटना नहीं चाहती। वैसे तबियत नम्र अधिक मालूम होती है, बस इतनी ही दशा अभी समझ सका हूं। सवेरे सो-कर उठने पर बड़ी थकान मालूम होती है। यह थकान दिन में भी मालूम होती है, यद्यपि नींद गहरी आती है।

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीन संतान

क्रमशः